हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार, 30 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 42.2 डिग्री
न्यूनतम 21.3 डिग्री

11 जेएलएन में पहुंचा पानी, जलघर में लिफ्टिंग ..



12 महम की तहसील कॉलोनी बनी कूड़े का ढेर



## डेयरी कॉम्प्लेक्स: विधायक बीबी बतरा स्कूटी पर पहुंचे, लिया जायजा

# सरकार ने दिए 15 करोड़, फिर भी शिफ्ट नहीं हुई डेयरी, माल गोदाम रोड पर बह रहा गोबर

■ कन्हेली में डेयरी कॉम्प्लेक्स के लिए भी जारी हुआ बजट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

शहर में चल रही दूध की डेयरियों की वजह से सीवर सिस्टम ठप हो गया है। कच्चा बेरी रोड पर सड़कों पर पानी और गोबर जमा हो गया है। जिसकी वजह से लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। नगर निगम की तरफ से डेयरी कन्हेली में शिफ्ट करने का काम भी पूरा नहीं हो पा रहा है। जबकि सरकार ने करीब 15 करोड़ का बजट भी जारी किया हुआ है। इसी परेशानी की जानकारी मिलने के बाद शहरी कांग्रेस विधायक बी बी बतरा ने कच्चा बेरी रोड का निरीक्षण किया। वे स्कूटी पर बैठकर बाजार में पहुंचे और स्थानीय दुकानदारों से बातचीत कर समस्या सुनी। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल निवारण के लिए भी कहा।

### सड़कों के दोनों तरफ के नाले गोबर से भरे

विधायक भारत भूषण बत्रा ने कहा कि प्रशासन कच्चा बेरी रोड पर गोबर की वजह से होने वाले जल भराव का स्थाई समाधान तुरंत करें। उन्होंने कहा कि इस गंदगी की वजह से स्थानीय लोगों को नारकीय जीवन जीना पड़ रहा है, लोगों का व्यापार चौपट हो रहा है। बार-बार इस समस्या को वे सरकार के समक्ष भी उठा चुके हैं, इसका स्थाई समाधान होना चाहिए। उन्होंने स्थानीय लोगों के साथ दूर-दूर तक सड़क पर फैले हुए गोबर और उसके जल भराव का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पाया कि सड़क के दोनों तरफ नाले गोबर से भरे हुए थे, जिसकी वजह से नालों में पानी ओवरफ्लो हुआ और फिर गोबर और पानी सड़क पर जमा होना शुरू हो गया।



रोहतक। गंदा पानी निकालने का प्रयास करते हुए दुकानदार।



व्यापारियों के साथ मौके पर पहुंचे कांग्रेस विधायक बीबी बतरा।

### नहीं हो रही नालों की सफाई

नालों की सफाई ना होने की वजह से सड़क पर गोबर की परत जमनी शुरू हो गई और कच्चा बेरी रोड के अधिकांश सड़क पर गंदगी जमा हो गई। स्थानीय व्यापारियों ने कहा कि काफी समय से यहां इसी तरह स्थिति जस की तस बनी हुई है। बार-बार शिकायत करने पर भी कोई संतोषजनक आश्वासन नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि व्यापार चौपट है, हालत यह है कि घरों के अंदर जाने का भी रास्ता नहीं बचता। सड़क पर गोबर और पानी बिखरा हुआ है जिसकी वजह से दुकानदारों को खुद ही अपनी दुकान में जाने के लिए मशक्कत करनी पड़ती है।

### विधानसभा में गूंज चुका मामला

विधायक भारत भूषण बतरा ने कहा कि यह मामला वह अधिकारियों के संज्ञान में भी ला चुके हैं। अक्सर होता यह है कि अधिकारी कुछ समय के लिए सक्रियता दिखाते हैं, और उसके बाद फिर यहां के हालात पहले के जैसे हो जाते हैं। उन्होंने स्थानीय अधिकारियों से फोन पर बात करते हुए कहा कि यहां के दोनों तरफ के नालों को अच्छी तरह से खोलकर सफाई किए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि स्थानीय डेयरी संचालक विशेष रूप से इस बात को समझे कि उनके द्वारा बहाए जा रहे गोबर से बहुत बड़ा नुकसान हो रहा है।

### कई साल से दिक्कत

गौरतलब है कि कई वर्ष से माल गोदाम रोड और कच्चा बेरी रोड के यही हालात हैं। पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर सहित नगर निगम के अधिकारियों ने मौके का दौरा किया था। नगर निगम की तरफ से दर्जनों डेयरी संचालकों को नोटिस भी थमाए गए लेकिन डेयरी संचालक नहीं मान रहे और गोबर नालियों में बहाया जा रहा है।

### नालों पर जाल नहीं

कच्चा बेरी रोड पर करीब 5 फुट गहरा नाला बनाया हुआ है, जो गोबर के कारण ऊपर तक भरा हुआ रहता है। नाले के ऊपर लोगों ने चबूतरे बनाए हुए हैं, जिसके कारण सफाई भी नहीं हो पा रही। निगम को चबूतरे तोड़कर नालों की सफाई करवानी चाहिए। नालों के ऊपर लोहे का जाल लगाना चाहिए, ताकि समय पर सफाई कार्य किया जा सके।

### निगम नहीं निभा रहा जिम्मेदारी

विधायक ने कहा कि निगम के अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि डेयरियों का गोबर यहां की नालियों में ना आए। उन्होंने कहा कि गोबर की वजह से ऐसा केवल कच्चा बेरी रोड पर ही नहीं है, मॉल गोदाम रोड पर भी ऐसी ही समस्या है। विधायक ने कहा कि लोगों को प्रतिदिन असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, इसलिए मानवीय आधार पर इन सब का स्थाई समाधान होना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने व्यापारियों को आश्वासन देते हुए कहा कि वह पूरी ताकत के साथ उनके साथ खड़े हैं, जिस भी स्तर तक उन्हें इस समस्या के समाधान के लिए लड़ना पड़ेगा, वह लड़ेंगे।

### डेयरियों को कन्हेली में करना है शिफ्ट

शहर से डेयरियों को कन्हेली में शिफ्ट किया जाना है। कुछ डेयरियां कन्हेली में शिफ्ट हो चुकी हैं। लेकिन अभी भी काफी संख्या में शहर में डेयरियां चलाई जा रही हैं। कन्हेली में डेयरी वालों को सुविधा देने के लिए सरकार ने बजट जारी किया था। इसके बाद 15 करोड़ का टेंडर लगाया हुआ है। जल्द ही काम शुरू हो जाएगा।

## खबर संक्षेप

### प्रो. प्रदीप इमसार निदेशक मनोनीत



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज एंड रिसर्च (इमसार) के प्रोफेसर प्रो. प्रदीप कुमार को इमसार का निदेशक मनोनीत किया है। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने बताया कि बतौर इमसार निदेशक प्रो. प्रदीप कुमार की नियुक्ति 1 मई से तीन वर्ष के लिए की गई है। प्रो. प्रदीप कुमार ने इस दायित्व के लिए कुलपति प्रो. राजबीर सिंह का आभार जताते हुए कहा कि वे पूरी ईमानदारी, निष्ठा और पारदर्शिता के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे और इमसार को उत्कृष्ट प्रबंधन एवं शोध संस्थान बनाने की दिशा में प्रयासरत रहेंगे। विद्यार्थियों की कैपेसिटी बिल्डिंग और प्लेसमेंट पर विशेष फोकस करेंगे।

### अब तक 251612 मीट्रिक टन गेहूं की हुई खरीद

**रोहतक।** उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा ने बताया कि अब तक जिला की मंडियों में 251612.67 मीट्रिक टन गेहूं सरकार खरीद चुकी है। कलानौर मंडी में एफसीआई द्वारा 6499 व हरियाणा राज्य वेयरहाऊस कोरपोरेशन द्वारा 19400 , किलोई मंडी 23526.90 , लाखनमाजरा मंडी से 20812.90 , मदीना मंडी से 13301.20 , महम मंडी से 36676.40 , रोहतक मंडी से 75901.47 , सांपला मंडी से 37383.90 मीट्रिक टन गेहूं व सांघी मंडी में 18110.90 की खरीद की गई है।

### दतौड़ में आज मनाई जाएगी परशुराम जयंती

**सांपला।** दतोड़ गांव में बुधवार को समिति की तरफ से भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इसको लेकर मंगलवार को तैयारी पूरी कर ली गई है। अटायल मार्ग पर पड़ने वाले भगवान परशुराम आश्रम पर कार्यक्रम होगा। समिति प्रधान सतीश कौशिक ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता एडवोकेट जेएन कौशिक की और संयोजक की भूमिका भाजपा दिल्ली कार्यकारिणी सदस्य समाज सेवी रामफल भारद्वाज की रहेगी। सुबह हवन-यज्ञ होगा।

### चोरी की वारदात का आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने चोरी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। महम थाना प्रभारी सत्यपाल सिंह ने बताया कि गांव निंदाना तिगरी निवासी विकास की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 10 मार्च को विकास की मां घर पर ताला लगाकर बाहर गई थी। वापिस आने पर घर का ताला टूटा हुआ मिला। घर से करीब 50 हजार रुपये, चांदी की चैन व अन्य चांदी का सामान नहीं मिला। अज्ञात युवक पीछे से चोरी कर मौके से फरार हो गया।

### आतंकवाद के खिलाफ कैंडल मार्च निकाला



**रोहतक।** पहलगाम में आतंकवादी हमले में विभिन्न राज्यों के लोगों की मौत हो गई थी। इसके विरोध में मंगलवार को पंडित नेकीराम कॉलेज के मुख्य द्वार से एक कैंडल मार्च निकाला गया व मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। नेकीराम कॉलेज मुख्य द्वार से डी पार्क चौराहे तक कैंडल मार्च निकाला गया। जिसमें पंडित घनश्याम दास पुरोहित, रमेश शर्मा, प्रोफेसर संदीप, निशांत सुरोलिया, संदीप जोशी, गौरव शर्मा, धीरज शर्मा, डॉक्टर सत्विंदर सिंह, नवनीत शर्मा, अजय खटकड़, कोमल, संगीता आदि मौजूद रहे।



## सड़क पर पाक का झंडा बनाकर कुचला युवाओं ने पाक मुर्दाबाद के लगाए नारे

**रोहतक।** पहलगाम में हुई आतंकी घटना के बाद से ही लोगों में आक्रोश देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में जींद रोड पर लोगों ने सड़क पर पाकिस्तान का झंडा बनाया और उसे कुचलते हुए पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। साथ ही केंद्र सरकार से आतंकवाद के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने की मांग की। जानकारी के अनुसार, जींद रोड पर युवकों ने सड़क के बीच में पेंट से पाकिस्तान का राष्ट्रीय ध्वज बनाया और जूते व चप्पल पहनकर झंडे के ऊपर खड़े हो गए। लोग पाक मुर्दाबाद के नारे लगाते रहे। इस दौरान कुछ लोगों ने झंडे को मिटाने की बात कही तो इसका विरोध किया। सड़क पर बनाए पाकिस्तान के झंडे के ऊपर से वाहन गुजरते रहे। इस दौरान मामले की शिकायत पुलिस को की गई। पुलिस के मौके पर आने से प्रदर्शनकारी नाराज हो गए। लोगों में रोष देखते हुए पुलिस कर्मचारी वापस चले गए। स्थानीय लोगों ने कहा कि सरकार को आतंक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। लोग इन मांगों को लेकर दोबारा भी रोष जता सकते हैं।

## हसनगढ़ से लापता युवक का शव आसौदा के पास माइनर में मिला

■ पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर तलाश कर रही थी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

सांपला के हसनगढ़ से लापता एक युवक का शव दो दिन बाद गांव आसौदा के पास एनसीआर माइनर में मिला। मंगलवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई। मामले में जांच शुरू कर दी गई है। सांपला पुलिस कार्रवाई कर रही है।

मृतक की पहचान 21 वर्षीय तरुण के रूप में हुई है। वह हसनगढ़ का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार, गत 26 अप्रैल की शाम को वह गेहूं लेकर चक्की पर गया था लेकिन वापस घर नहीं पहुंचा। काफी देर तक नहीं लौटा तो परिजनों ने तलाश शुरू की। तलाश करते करते परिजन खुरमपुर मोड़ के पास स्थित माइनर के पुल पर पहुंचे। वहां पुल के निकट तरुण की बाइक पाई गई। इसके बाद उन्हें शंका हुई और पुलिस को सूचना दी। सांपला पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की। तब से उसे माइनर में तलाशा जा रहा था। सोमवार की शाम को आसौदा के निकट तरुण का शव माइनर में पाया गया। पुलिस ने माइनर से शव निकाला और बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में रखवा दिया। सूचना पाकर सांपला पुलिस और परिजन नागरिक अस्पताल आए। मंगलवार दोपहर तक शव का पोस्टमार्टम नहीं हो पाया था। शव को पीजीआई रोहतक रेफर किए जाने की बात कही जा रही थी। युवक किन परिस्थितियों में माइनर में डूबा, ये जांच का विषय है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से असल पुष्टि हो सकेगी।

## निजी कंपनी में लिफ्ट के कंप्रेशर का काम करते समय व्यक्ति की मौत, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

हिसार रोड पर स्थित एक निजी कंपनी में लिफ्ट के कंप्रेशर का काम करते समय एक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद कर्मचारियों ने व्यक्ति को पीजीआई में पहुंचाया, लेकिन तब तक व्यक्ति की मौत हो चुकी थी। साथ ही आस-पास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान दीपक कुमार निवासी गांव पहरावर के रूप में हुई। मृतक के भतीजे विजय कुमार ने बताया कि उसके चाचा लिफ्ट में कंप्रेशर का काम कर रहे थे। इसी दौरान किसी ने लिफ्ट को चालू कर दिया, जिसके कारण उसके चाचा का लिफ्ट में पैर फिसल गया और वह लिफ्ट में फंस गए। इसी दौरान उनकी मौत हो गई। विजय कुमार ने बताया कि जब वह कंपनी में आए तो गार्ड ने बताया कि उसके चाचा दीपक लंच के दौरान अकेले काम कर रहे थे। उन्हें लिफ्ट से चिल्लाने की आवाज आई तो दीपक को लिफ्ट से बाहर निकाला उसे अस्पताल लेकर गया, उस समय वह होश में था। विजय कुमार ने बताया कि उसके चाचा दीपक कुमार को निजी अस्पताल में भर्ती होने के बारे में बताया गया था। जब वह अस्पताल पहुंचा तो पता चला कि उसके चाचा की मौत हो चुकी थी।



मृतक दीपक कुमार





रोहतक। मौके पर मृतक के परिजनों से बातचीत करते पुलिस अधिकारी।

### की जा रही जांच

निजी अस्पताल से दीपक कुमार की मौत होने की सूचना मिली थी। जब वह मौके पर गए तो परिजनों की शिकायत पर निजी कंपनी में हादसे का पता चला। कंपनी में लिफ्ट के अंदर कंप्रेशर का काम करने के दौरान दीपक की मौत हुई है। कंपनी का मालिक मौके पर नहीं मिला है। मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू की गई है। **-अजय कुमार,** जांच अधिकारी, सिटी थाना

## लाढ़ौत रोड स्थित दुकान में युवक ने पेट्रोल डालकर लगाई आग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

लाढ़ौत रोड स्थित एक दुकान के अंदर देर रात अज्ञात युवक ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी। इसकी सूचना आस-पास के लोगों ने दमकल विभाग, पुलिस और दुकानदार को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर और जांच शुरू कर दी है। यह पूरी वारदात आस-पास लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। पुलिस आरोपियों की तालाश में जुटी है। बता दें कि भारत डेली नीड स्टोर के मालिक प्रवीन ने बताया कि रात को 12 बजे के करीब एक राहगीर का फोन आया था कि दुकान में आग लगी हुई है। दुकान में आग लगने की सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचा और डायल 112 व फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया।





### वारदात सीसीटीवी में कैद

दुकान के बाहर सीसीटीवी में पूरी वारदात कैद हो गई है। जिसमें एक युवक दुकान के अंदर पेट्रोल डालते हुए दिख रहा है। अज्ञात युवक ने ही दुकान में पेट्रोल छिड़कर आग लगाने का काम किया है। दुकानदार प्रवीन ने बताया कि रात को डायल 112 पर कॉल किया था तो पुलिस टीम आई थी। पुलिस ने मामले में अर्बन एस्टेट थाने में केस दर्ज करवाने को कहा। रात को ही थाने में शिकायत दी गई थी।

### की जा रही जांच

दुकान में पेट्रोल छिड़कर आग लगाने की एक शिकायत मिली है। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस सीसीटीवी के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है। जल्द ही मामले में आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।**-प्रदीप कुमार,** थाना प्रभारी थाना अर्बन एस्टेट

### रंजिश के चलते लगाई आग

दुकानदार प्रवीन ने बताया कि उनकी किसी के साथ कोई रंजिश नहीं है। रात को करीब सवा 10 बजे दुकान को बंद करके अपने घर सागरविला के पास चले गए थे। इसके बाद रात 12 बजे के करीब फोन पर आगजनी की सूचना मिली। आग किसने लगाई, क्यों लगाई, यह तो आरोपी के पकड़े जाने के बाद ही पता चलेगा।

**तैयारी** अक्षय तृतीया आज, जिले में सैकड़ों जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे

*महिला एवं बाल विकास विभाग सतर्क*

## सरकार ने मंदिरों में चस्पाए पोस्टर, गैर कानूनी विवाह करवाया तो कार्रवाई के लिए तैयार रहें पुजारी और जोड़े

अमरजीत एस गिल ▸▸| रोहतक

30 अप्रैल बुधवार को अक्षय तृतीया है। इस दिन जिले में काफी जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे। ऐसे में बाल विवाह न हो, इसके लिए महिला एवं बाल विकास विभाग सतर्क है। शादी रोकने के लिए विभाग ने मंदिरों में पोस्टर चस्पा कर 21 वर्ष से कम उम्र के लड़कों और 18 साल से कम आयु की लड़कियों को चेताया है कि अगर उन्होंने विवाह किया तो कानूनी कार्रवाई तुरंत की जाएगी। ना केवल, नाबालिग लड़के-लड़कियों को चेतावनी है, बल्कि धार्मिक विधि से उनकी शादी करवाने वाले पुजारियों को भी कड़े लहजे में सरकार की तरफ से संदेश दिया गया है। और इसी वजह से मंदिरों के मुख्य गेट पर ही महिला एवं बाल विकास की तरफ से पोस्टर चस्पाए गए हैं। ताकि कोई भी नाबालिग लड़का लड़के शादी करने के लिए मंदिर में प्रवेश करे तो उन्हें जानकारी मिले कि उनके खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई होगी ही। सरकार को पूरा अंदेशा है कि घर से भागे नाबालिग लड़के-लड़कियों की शादी मंदिरों के पुजारी पैसे लेकर करवाते हैं।





**रोहतक।** सोनीपत रोड स्थित सेक्टर- 2 के भगवान परशुराम मंदिर के बाहर चस्पाया गया चेतावनी पोस्टर।

### ये सरकारी आंकड़े

महिला एवं बाल विकास से मिले डाटा के मुताबिक वर्ष 2024-25 में रोहतक जिले से नौ शिकायतें मिली। इनमें से सात सही पाई गई। छह की शादी रूकवा दी। जबकि एक विवाह देर से सूचना मिलने के कारण हो चुका था। इसी प्रकार साल 2023-24 में सात शिकायत दर्ज की गई। इनमें पांच ठीक पाई और बाल विवाह रूकवा दिए गए। जबकि दो गलत थी। महिला एवं बाल विकास ने जो जानकारी दी है, उसके मुताबिक गरीब तबका ही बाल विवाह को घोर गरीबी में अंजाम देता है। इसके अलावा कोई विधवा महिला है और उसकी अकेली बेटी ही है तो वह भी अपनी लाडली का बाल विवाह लोगों के बहकावे में आकर कर देती है। मंदिरों के मैन गेटों पर जो सख्त चेतावनी भरे जो पोस्टर बीते एक दो दिन में ही लगवाए गए हैं, वे अक्षय तृतीया के मद्देनजर हैं। बाल विकास विभाग का अंदेशा है कि अमूमन अक्षय तृतीया पर ही बाल विवाह होते हैं। इन्हें रोकने के लिए सरकारी मशीनरी अलर्ट पर हुई है। ताकि कुप्रथा बाल विवाह पर रोक लगे।

### सजा का प्राविधान

भारत में, बाल विवाह (नाबालिग की शादी) करना एक अपराध है और इसके लिए सजा का प्रावधान है। बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के अनुसार, जो कोई भी बाल विवाह करवाता है, उसके संचालन में सहायता करता है, या उसे बढ़ावा देता है, उसे दो साल तक की कठोर सजा और एक लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। अगर परिवार वाले ऐसे शादी में शामिल हैं तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई का प्रावधान अधिनियम में है। बाल विवाह से बच्चे के स्वास्थ्य, पोषण एवं शिक्षा प्राप्त करने और हिंसा एवं उत्पीड़न से संरक्षण के अधिकारों का हनन होता है। विवाह की व्यवस्था वैवाहिक जोड़ों पर विशेष प्रकार की सामाजिक जिम्मेदारियां थोंप देती है, जिसके लिए बच्चे शारीरिक एवं मानसिक रूप से तैयार नहीं होते है ।

### शिकायतकर्ता का नाम भी गुप्त रखा जाएगा



अक्षय तृतीय पर बाल विवाह होने का अंदेशा है। इसलिए धार्मिक स्थलों के मैन गेट पर पोस्टर लगाए गए हैं। किसी भी व्यक्ति को बाल विवाह की पुष्ट जानकारी मिले तो वह मोबाइल नंबर 9416657610 पर शिकायत दर्ज करवा सकता है। शिकायत मिलने के तुरंत बाद कार्रवाई होगी और शिकायकर्ता का नाम भी गुप्त रखा जाएगा। **-दीपिका सैनी,** कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग रोहतक

### पड़ता है नकारात्मक प्रभाव

किसी लड़की या लड़के की शादी 18 साल की उम्र से पहले होना बाल विवाह कहलाता है। बाल विवाह में औपचारिक विवाह तथा अनौपचारिक संबंध भी आते हैं, जहां 18 साल से कम उम्र के बच्चे शादीशुदा जोड़े की तरह रहते हैं। बाल विवाह, बचपन खत्म कर देता है।

## गांव छोड़कर वापस चले जाने की मिली धमकी

**धर्म विशेष के परिवार ने सरपंच के लड़के पर लगाया आरोप**

**रोहतक।** पहलगाम में आतंकी हमले के बाद पूरे देश के लोगों में रोष बना हुआ है। इसी कड़ी में रोहतक के गांव खरावड़ में एक धर्म विशेष के परिवार ने आरोप लगाया कि गांव के लोगों ने उन्हें घर खाली कर चले जाने की धमकी दी है। परिवार का आरोप है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद सरपंच का बेटा ग्रामीणों को साथ लेकर आया और कहा कि यहां से घर छोड़कर वापस चले जाओ नहीं रात को कुछ घटना हो गई तो इसमें ग्रामीणों की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। बता दें कि यह परिवार मूलरूप से मध्य प्रदेश के इंदौर जिले के चंदन नगर शेरपुर का रहने वाला है। यह परिवार कई साल से खरावड़ में रहकर कारोबार कर रहा है। हालांकि, इस मामले में सरपंच का कहना है कि किसी को निकलने के लिए नहीं कहा गया। सरपंच ने कहा कि पंचायत में सावधानी बरतते हुए सभी किराएदारों को पुलिस वेरिफिकेशन के लिए बोला गया है। गांव की सरपंच सरोज बाला ने बताया कि कोई झगड़ा नहीं हुआ। किसी को जाने के लिए नहीं कहा गया। गांव में जो भी किराएदार हैं, उन्हें वेरिफिकेशन के लिए बोला गया है।

### कोई शिकायत नहीं मिली

किसी परिवार को धमकाने या मकान खाली करने जैसा कोई मामला नहीं है। किसी की तरफ से कोई शिकायत नहीं मिली है। अगर इस प्रकार की कोई शिकायत आती तो मामले में जांच की जाएगी। **-मुकेश,** थाना प्रभारी, आईएमटी




# प्रभास की 'बाहुबली' सिनेमाघरों में फिर हो रही री-रिलीज...

**मुंबई।** अभिनेता प्रभास की 'बाहुबलीः द बिगिनिंग' हिंदी सिनेमा की कालजयी फिल्मों में से एक है। एसएस राजामौली के निर्देशन में बनी यह फिल्म 10 जुलाई, 2015 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसने बॉक्स ऑफिस पर खूब नोट छापे। अब लगभग 10 साल बाद 'बाहुबली' एक बार फिर सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। यह फिल्म अक्टूबर, 2025 में सिनेमाघरों में दोबारा दस्तक देगी। निर्माताओं ने खुद इसकी पुष्टि की है। 'बाहुबली' को इस साल अक्टूबर में एक बार फिर सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है। निर्माताओं ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, 'बाहुबली बड़े पर्दे पर वापस आ रहा है।

लाइफ Style



# तृप्ति

## माधुरी के साथ फिर करेंगी काम

एजेंसी ▶▶ मुंबई

खास बात है इसकी कहानी, जो एक मां और बेटी के रिश्ते को लेकर है। माधुरी जहां मां के किरदार में होंगी, वहीं तृप्ति उनकी बेटी का रोल निभाएंगी।दोनों के बीच की नोक-झोंक, प्यार, तकरार और समझदारी इस फिल्म की जान होगी। चर्चा है कि इस फिल्म में रवि किशन और कॉमेडियन धारणा दुर्गा की भी अहम भूमिका होगी।

बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी एक बार फिर माधुरी दीक्षित के साथ फिर काम करती नजर आ सकती है। माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी ने अनीस बज्मी की फिल्म भूल भुलैया 3 में स्क्रीन स्पेस शेयर किया है। भूल भुलैया 3 के बाद तृप्ति और माधुरी एक कॉमेडी ड्रामा में फिर से साथ काम करने के लिए तैयार हैं। माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी विक्रम मल्होत्रा के प्रोडक्शन बैनर अबुंदंतिया एंटरटेनमेंट के लिए एक कॉमेडी ड्रामा में स्क्रीन स्पेस शेयर करेंगी, जिसका नाम फिलहाल मां बहन बताया जा रहा है। यह एक नेटफ्लिक्स ओरिजिनल है और अगले महीने मुंबई में फ्लोर पर जाएगी।


इस फिल्म का निर्देशन सुरेश त्रिवेणी कर रहे हैं, जिन्हें तुम्हारी सुलु और जलसा जैसी फिल्मों के निर्देशन के लिए जाना जाता है। यह फिल्म एक कॉमेडी-ड्रामा है, जो तीन किरदार पर आधारित है। इस फिल्म की सबसे खास बात है इसकी कहानी, जो एक मां और बेटी के रिश्ते को लेकर है। माधुरी जहां मां के किरदार में होंगी, वहीं तृप्ति उनकी बेटी का रोल निभाएंगी।दोनों के बीच की नोक-झोंक, प्यार, तकरार और समझदारी इस फिल्म की जान होगी। चर्चा है कि इस फिल्म में रवि किशन और कॉमेडियन धारणा दुर्गा की भी अहम भूमिका होगी।

हॉलीवुड मसाला




# अरबपति सिंगर ने बसाया अपना गांव

**नई दिल्ली।** ब्रिटिश पॉप सिंगर एड शीरन की पॉपुलैरिटी किसी से छिपी नहीं है। उनका हर गाना चार्टबस्टर साबित होता है। उनकी एक झलक पाने के लिए लोगों की लंबी-लंबी लाइनें लग जाती है। हालांकि इस समय वो अपने गाने नहीं बल्कि खुद का अलग गांव बसाने को लेकर चर्चा में हैं। हालांकि उन्होंने ये माना है कि ये 'अजीब' है लेकिन वो अपने परिवार को प्राइवेसी देना चाहते थे। दरअसल पॉप स्टार ने इंग्लैंड के सफोक में अपने घर के आस-पास की जमीन और दूसरे घरों को खरीदने में काफी पैसे खर्च किए हैं ताकि वो बड़ा एस्टेट बना सके।



# 'सिनर्स' थिएट्रिकल सिनेमा के लिए बनी गुड न्यूज...

**लॉस एंजिल्स।** माइकल बी. जॉर्डन स्टारर फिल्म 'सिनर्स' दुनिया भर के थिएटर्स में जमकर भीड़ जुटा रही है। 18 अप्रैल को थिएटर्स में रिलीज हुई इस फिल्म को डायरेक्टर रायन कूगलर ने डायरेक्ट किया है, जो इससे पहले 'ब्लैक पैंथर' फ्रैंचाइजी और 'क्रीड' जैसी फिल्में डायरेक्ट कर चुके हैं। अब उनकी नई फिल्म 'सिनर्स' ने बॉक्स ऑफिस पर ऐसा कमाल किया है जिसने दुनिया भर के फिल्म बिजनेस एक्सपर्ट्स को सरप्राइज कर दिया है।बी. जॉर्डन की फिल्म हॉरर फिल्म की कैटेगरी में आती है और ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर ये कैटेगरी बहुत बड़े बॉक्स ऑफिस कलेक्शन नहीं जुटाती है। मगर हॉरर फिल्म होने के बावजूद 'सिनर्स' ने पहले वीकेंड में यूएस बॉक्स ऑफिस पर 48 मिलियन डॉलर का कलेक्शन किया था। संडे की कमाई के साथ 'सिनर्स' का वर्ल्डवाइड कलेक्शन 10 दिन में 161 मिलियन डॉलर्स से ज्यादा हो चुका है।



# 'तन्वी द ग्रेट' की हीरोइन बनेंगी शुभांगी...

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर काफी समय से अपनी आगामी फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं।यह फिल्म इसलिए खास है, क्योंकि साल 2002 में आई फिल्म 'ओम जय जगदीश' के बाद यह अनुपम के निर्देशन में बन रही दूसरी फिल्म है। अनुपम ने न केवल फिल्म के निर्देशन की कमान संभाली है, बल्कि वह इसमें अभिनय भी करते नजर आएंगे। अब 'तन्वी द ग्रेट' की हीरोइन के नाम का खुलासा हो गया है। 'तन्वी द ग्रेट' की हीरोइन का नाम शुभांगी है। अभिनेत्री काजोल ने एक विशेष कार्यक्रम के दौरान शुभांगी पेश किया गया। टीजर में सिर्फ म्यूजिक के साथ तन्वी के लुक को पेश किया गया, जो काफी भावुक है। शुभांगी को अनुपम के प्रसिद्ध एक्टिंग स्कूल 'एक्टर प्रिपेयर' से चुना गया है।



# 'धमाल-4' का क्लाइमेक्स मुंबई में होगा शूट

**मुंबई।** अभिनेता अजय देवगन आने वाले समय में एक से बढ़कर एक फिल्मों में नजर आएंगे। सुपरहिट कॉमेडी फ्रैंचाइजी 'धमाल' की चौथी किस्त 'धमाल 4' भी इन्हीं में से एक है। इस फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग अपने अंतिम चरण पर है। अब 'धमाल 4' के क्लाइमेक्स से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी सामने आ रही है। आइए जानें फिल्म का क्लाइमेक्स कब-कहां शूट किया जाएगा और इसमें अजय के साथ कौन-कौन शामिल होगा। एक रिपोर्ट के अनुसार, 'धमाल 4' का आखिरी शेड्यूल 15 मई से मुंबई में शुरू होगा, जहां जंगल थीम वाला एक बड़ा सेट बनाया जा रहा है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि यह शेड्यूल जून के आखिर तक पूरा हो जाएगा और इसके बाद पोस्ट-प्रोडक्शन का काम शुरू होगा।

टीवी मसाला

# कभी जूते किए पॉलिश, बेची चाय, सब्जियों के लगाए ठेले!

**नई दिल्ली।** आज के दौर में जितने अमीर हीरो- हीरोइन हैं, उतने ही स्टैंड-अप कॉमेडियन भी होते जा रहे हैं। कपिल शर्मा और भारती सिंह को ही ले लीजिए तो वे स्टार्स से कम नहीं हैं। अपनी हंसी मजाक के जरिए ही वे करोड़ों छाप रहे हैं। बहरहाल, यहां हम एक ऐसे कॉमेडियन के बारे में बात कर रहे हैं जिसने गरीबी से उठकर अमीर बनने में लंबा संघर्ष किया है। यहां तक कि सब्जी भी बेची है और जूते भी बनाए हैं, लेकिन आज वो लग्जरी लाइफ जी रहा है।



***चाय की दुकानों में किया काम, आज है ऐश-ओ- आराम :*** जिसके बारे में हम यहां बात कर रहे हैं वो हैं सुदेश लहरी, जो कि एक भारतीय स्टैंड-अप कॉमेडियन हैं। वे टेलीविजन कॉमेडी कार्यक्रमों में दिखाई दिए हैं और स्टेज शो में प्रदर्शन किया है। सुदेश लहरी की गरीबी से अमीरी तक की कहानी एक हर किसी के लिए प्रेरणादायी है। अभिनेता-कॉमेडियन, जो कभी चाय की दुकानों, कारखानों में काम करते थे और आजीविका के लिए जूते बनाते थे। अब मुंबई में एक आलीशान अपार्टमेंट के मालिक हैं। उनकी संपत्ति में तीन बेडरूम, एक बड़ा डाइनिंग रूम, एक मॉड्यूलर किचन, एक निजी स्टूडियो, होम थिएटर और साथ ही एक बड़ा लिविंग रूम शामिल है।

### ऐसा था लहरी का बचन

इससे पहले, अर्चना पूरन सिंह के व्लॉग पर दिखाई देते हुए, सुदेश ने एक समय को याद किया था जब उन्हें अपना घर बेचना पड़ा था। बचपन को याद करते हुए सुदेश कहते हैं, 'मैंने बचपन में बहुत मेहनत की है। मैंने गरीबी देखी है। मैंने छोटी-छोटी दुकानों में काम किया है, चाय बनाई है, कई फैक्ट्रियों में काम किया है, जूते बनाए हैं। सब्जियां बेची हैं। अमीरों को झूठ नहीं बोलना पड़ता, लेकिन गरीब होने के कारण हमें अक्सर साहूकारों से पैसे मांगने पर झूठ बोलना पड़ता है। यह सब मेरे लिए एक्टिंग कोर्स की तरह काम करता है।

### परिवार ने खुद डिजाइन किया सुदेश का घर

सुदेश लहरी ने हाल ही में पिंकविला को अपने घर का दौरा कराया, जहां उन्होंने कहा कि उन्होंने और उनके परिवार ने खुद ही घर को डिजाइन किया है। अभिनेता ने मजाक में कहा, 'हमने इंटीरियर डिजाइनर को नहीं रखा, क्योंकि वे महंगे हैं। हंसते हुए उन्होंने कहा कि वो फैंस को मुंबई के शानदार नजारों की एक झलक दिखाकर अपनी 'अमीरी' दिखाना चाहते हैं, जिसका वो अपने घर से आनंद ले सकते हैं। सुदेश लहरी ने अपने घर के दौरे की शुरुआत अपने लिविंग रूम से की, जिसे हाथ से चुने गए फर्नीचर और वॉलपेपर से सजाया गया है। उसके बाद अपना खुद का बेडरूम दिखाया, जहां उन्होंने एक खास चाय कॉर्नर भी बनवाया है। आपको बता दें कि सुदेश के घर के अंदर एक स्टूडियो भी है, जहां वे अपना संगीत रिकॉर्ड करते हैं. दौरे के दौरान, उन्होंने यह भी बताया कि वे घड़ियों के शौकीन हैं।

### द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज सीजन 8 से मिली लोकप्रियता

बता दें कि सुदेश करीब दो दशक से इंडस्ट्री में बतौर कॉमेडियन और एक्टर सक्रिय हैं। हालांकि, द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज सीजन 8 में हिस्सा लेने के बाद वे मशहूर हुए। वो कपिल शर्मा के कॉमेडी शो समेत कई अन्य कार्यक्रमों में भी नजर आते हैं।

# सबसे कमाऊ फिल्म के एटली थे निर्देशक

## 'मर्सेल' है सामंथा की सबसे कमाऊ फिल्म

**मुंबई।** सामंथा रुथ प्रभु की गिनती उन अभिनेत्रियों में की जाती है, जिन्होंने बॉलीवुड डेब्यू से पहले हिंदी पट्टी के दर्शकों के बीच खास पहचान हासिल कर ली है। 28 अप्रैल को सामंथा अपना जन्मदिन मनाया। उन्होंने 'द फैमिली मैन 2' से हिंदी दर्शकों के बीच पहचान बनाई। 'पुष्पा' के गाने 'ऊ अंतावां' ने भी उन्हें खूब शोहरत दिलाई। सामंथा ने कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया है, लेकिन क्या आप उनकी सबसे कमाऊ फिल्म का नाम जानते हैं? सामंथा की सबसे कमाऊ फिल्म का नाम 'मर्सेल' है, जो साल 2017 में रिलीज हुई थी। इसका निर्देशन शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' के निर्देशक एटली ने किया था। सामंथा के साथ इस फिल्म में थलापति विजय, एस जे सूर्या और नित्या मेनन जैसे कलाकारों ने अभिनय किया था। 120 करोड़ रुपये की लागत में बनी फिल्म 'मर्सेल' ने बॉक्स ऑफिस पर 257 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।यह फिल्म जी5, नेटफ्लिक्स और जियो हॉटस्टार पर उपलब्ध है।



### कुछ ऐसा रहा सामंथा का करियर

सामंथा ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत साल 2010 में आई तेलुगू फिल्म 'ये माया चेसावे' के जरिए की थी, जिसमें वह अपने पूर्व पति और अभिनेता नागा चैतन्य के साथ नजर आई थीं। इसके बाद सामंथा ने 'बाण काठडी', 'मॉस्कोइन कावेरी', 'बृंदावनम', 'ऑटोनगर सूर्या', 'यशोदा' और 'सीथम्मा वाकिटलो सिरिमल्ले चेट्टू' जैसी फिल्मों में काम किया। पिछली बार सामंथा फिल्म 'कुशी' (2023) में नजर आई थीं। अभिनेत्री की आने वाली फिल्मों में 'शुभम' और 'मां इंति बंगाराम' शामिल हैं।

# दो बार एक ही नाम से बनीं फिल्में

## आखिरी वाली ने तो कमाल ही कर दिया

*मुंबई। इन दिनों सैफ अली खान फिल्म 'ज्वेल थीफ' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में सैफ के साथ अभिनेता जयदीप अहलावत नजर आ रहे हैं। इस नाम से पहले भी फिल्म बन चुकी है, जिसमें देव आनंद नजर आए थे और यह फिल्म साल 1967 में रिलीज हुई थी। एक ही नाम से 2 फिल्में बनाने का चलन बॉलीवुड में लंबे समय से चला आ रहा है। आइए आज ऐसी ही कुछ चर्चित फिल्मों के बारे में जानें।*



***'दिलवाले' :*** साल 1994 में आई फिल्म 'दिलवाले' में अजय देवगन, सुनील शेट्टी और रवीना टंडन नजर आए थे। इस फिल्म में पहले दिव्या भारती को लिया गया था, लेकिन अचानक हुई उनकी मौत के बाद इसमें रवीना को साइन किया गया। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त हिट रही थी। बाद में इसी नाम से रोहित शेट्टी फिल्म लेकर आए, जिसमें शाहरुख खान, काजोल, वरुण धवन और कृति सैनन ने मुख्य भूमिका निभाई। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर औसत प्रदर्शन किया था।




***'बागी' :*** सलमान खान साल 1990 में फिल्म 'बागी' लेकर आए थे, जिसमें उनके साथ नगमा ने लीड रोल किया था। पिता सलीम खान के नक्शे कदम पर चलते हुए सलमान ने 'बागी' से बतौर स्क्रिप्ट राइटर शुरुआत कर दी थी। फिल्म लेखक जावेद सिद्दिकी के साथ मिलकर सलमान ने 'बागी' की पटकथा का जिम्मा संभाला था और बतौर लेखक अभिनेता की पहली कोशिश सफल रही थी। उधर साल 2016 में टाइगर श्रॉफ 'बागी' लेकर आए, जो बॉक्स ऑफिस पर हिट रही।



***'दोस्ताना' :*** 'दोस्ताना' नाम की फिल्म ने अलग-अलग दशक में दोस्ती और प्यार की कहानी को अलग ढंग से बयां किया। साल 1980 में राज खोसला की 'दोस्ताना' एक गंभीर एक्शन-ड्रामा थी, जिसमें अमिताभ बच्चन और शत्रुघ्न सिन्हा ने 2 दोस्तों की भूमिका निभाई थी। यह फिल्म सुपरहिट थी। दूसरी ओर 2008 में आई 'दोस्ताना' एक हल्की-फुल्की रोमांटिक कॉमेडी थी, जिसमें अभिषेक बच्चन और जॉन अब्राहम मुख्य भूमिका में थे। ये फिल्म भी बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी।

## खौफ, कॉमेडी और एक्शन से भरपूर 'द भूतनी' का ट्रेलर दर्शकों को आया बेहद पसंद

# बॉक्स ऑफिस पर मई में होगा महामुकाबला, अजय और संजय से शुरू होगी जंग

*मुंबई। जहां अप्रैल में कई बॉलीवुड और दक्षिण भारतीय फिल्मों से सिनेमाघर गुलजार रहे, वहीं मई का महीना भी सिनेप्रेमियों के लिए बेहद खास रहने वाला है, क्योंकि कई चर्चित फिल्में सिनेमाघरों का रुख करने के लिए तैयार हैं। ये वो फिल्में हैं, जिनमें दर्शकों को एक्शन से लेकर, रोमांस, रोमांस, कॉमेडी और खूब ड्रामा देखने को मिलेगा। कई सितारों की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर आमने-सामने होंगी। आइए नजर डालें मई में आने वाली चर्चित फिल्मों पर।*

**'रेड 2':** शुरुआत करते हैं 'रेड 2' से, जिसके हीरो हैं अजय देवगन और विलेन हैं रितेश देशमुख। फिल्म में इस बार अजय की पत्नी का किरदार अभिनेत्री वाणी कपूर ने निभाया है, जबकि 'रेड' में इलियाना डिक्रूज इस भूमिका में नजर आई थीं। 'रेड' पर दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों ने भी खूब प्यार लुटाया था। ऐसे में 'रेड 2' से न सिर्फ अजय, बल्कि उनके प्रशंसकों को भी बड़ी उम्मीदें हैं। यह फिल्म 1 मई को सिनेमाघरों का रुख करेगी।




**'द भूतनी' :** एक ओर जहां अजय 1 मई को 'रेड 2' लेकर आ रहे हैं, वहीं संजय दत्त इसी दिन अपनी हॉरर कॉमेडी फिल्म 'द भूतनी' के साथ सिनेमाघरों में आएंगे। इसमें मौनी रॉय, श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी और सनी सिंह भी दर्शकों का मनोरंजन करते दिखेंगे। खौफ, कॉमेडी और एक्शन से भरपूर इस फिल्म का ट्रेलर दर्शकों को बेहद पसंद आया। अब देखना ये है कि 'रेड 2' और 'द भूतनी' में बॉक्स ऑफिस पर बाजी कौन मारती है।





### ये फिल्में भी होंगी आमने-सामने

16 मई को सुनील शेट्टी 'केसरी वीर' ला रहे हैं, उसी दिन पुलकित सम्राट की 'सुस्वागतम खुशामदीद' रिलीज हो रही है। उधर 30 मई को सोनाक्षी सिन्हा और परेश रावल की फिल्म 'निकिता रॉय' और साउथ के स्टार विजय देवरकोंडा की 'किंगडम' पर्दे पर आएगी।

**'हरि हर वीरा मल्लू' :** सुपरस्टार पवन कल्याण की फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू' को लेकर भी दर्शकों के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। यह यूं तो तमिल भाषा की फिल्म है, लेकिन फिल्म पवन कल्याण की है, जिनकी फैन फॉलोइंग जबरदस्त है, वहीं बॉबी देओल भी इस फिल्म में हैं। फिल्म में बॉबी का एक खूंखार अवतार देखने को मिलेगा, वहीं पवन आमजन के लिए लड़ते दिखेंगे। इसका सामना 9 मई को बॉक्स ऑफिस पर 'भूल चूक माफ' से होगा।



**'भूल चूक माफ' :** अभिनेता राजकुमार राव पिछले काफी समय से अपनी आगामी फिल्म 'भूल चूक माफ' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म में उनकी जोड़ी अभिनेत्री वामिका गब्बी के साथ बनी है। यह पहला मौका है, जब राजकुमार और वामिका किसी फिल्म में रोमांस करते नजर आएंगे। 'स्त्री' फ्रैंचाइजी वाले दिनेश विजान ने इस फिल्म पर पैसे लगाए हैं। सीमा पहवा भी फिल्म का हिस्सा हैं। 'भूल चूक माफ' 9 मई को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाएगी।



## खबर संक्षेप

### अनुबंध कर्मचारियों की बैठक एक मई को

**रोहतक।** पीजीआईएमएस अनुबंध कर्मचारी संगठन इंटक यूनियन की मंगलवार को विजय पार्क में बैठक हुई। बैठक में प्रधान कलावती कागड़ा ने स्वीपर कर्मचारियों एचकेआरएन की समस्याओं के बारे में चर्चा की। आगामी चुनाव प्रक्रिया को पूरा किया गया और स्वीपर कर्मचारियों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द पूरा करने की बात कही। उन्होंने कहा कि आगामी कार्रवाई के लिए समस्याओं का मांग पत्र तैयार करके यूनियन का प्रतिनिधिमंडल पीजीआईएमएस के वाइस चांसलर को सौपेंगे। इसमें सभी से संगठन को ओर ज्यादा मजबूत करने की अपील की। जिससे मैनेजमैंट को आपकी ताकत का पता लग सके। अनुबंध

### पाठ्यक्रम से मुगल काल को हटाने का किया विरोध

**रोहतक।** एसयूसीआई ने एनसीईआरटी पाठ्यक्रम से मुगल काल को हटाने के मामले में कड़ा विरोध जताया है। कहा कि बेहद सोची-समझी चाल के तहत किए गए निर्णय की कड़ी निंदा करते हैं। इसमें मुगलों और दिल्ली सल्तनत के सभी संदर्भों को हटाकर, इसके स्थान पर राजवंशों पर एक अध्याय जोड़ा गया है, जो तथाकथित हिंदुत्व द्वारा बताए गए 'भारतीय लोकाचार' को दर्शाता है। महाकुंभ और केंद्र सरकार की प्रमुख पहलों का संदर्भ देता है, तथा हिंदुत्व सिद्धांत से जुड़े दो ज्योतिर्लिंग चार धाम यात्रा और शक्ति पीठों को पवित्र भूगोल के रूप में शामिल किया गया है।

### इंद्रजीत सैनी की पुण्यतिथि पर किया रक्तदान

**रोहतक।** समाजसेवी एवं उद्योगपति स्व. इंद्रजीत सैनी की चौथी पुण्यतिथि पर मंगलवार को सैनी एजुकेशन सोसायटी परिसर स्थित स्पोर्टस हॉल में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि अग्रणी समाज सेविका वेदवती सैनी एवं वार्ड नं. 8 की निगम पार्षद अंजू सैनी ने किया। शिविर में 109 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। दीपक सैनी ने बताया कि जिला रेडक्रॉस सोसायटी और पीजीआई ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित इस शिविर में डॉ. वैशाली व डॉ. सोनिका ने कुसुम, अंजू, दीपिका, मुकेश, अंजलि व दीपक की टीम के साथ रक्तदान करवाया।

### रेडक्रॉस सोसायटी दे रही बेहतर सेवाएं :डीसी

**रोहतक।** जिला रेडक्रॉस समिति द्वारा विभिन्न गांव में दिव्यांग एवं बुजुर्ग लोगों के लिए सेवाएं देने का काम किया जा रहा है। उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस समिति के अध्यक्ष धीरेंद्र खडग़टा ने बताया कि दिव्यांगों और बुजुर्गों को गांव स्तर पर ही सुविधा मिल सकें। इसके अंतर्गत नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. दिनेश शर्मा, लाइफ मेंबर रेड क्रॉस जगत सिंह गिल पूरी टीम के साथ वातानुकूलित बस ले जाकर गांव स्तर पर ही आंखों की जांच करवाते है।

# भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए थे: साध्वी यमुना

- संकट मोचन मंदिर में 7 दिवसीय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का चतुर्थ दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में ब्रह्मलीन गुरुमां गायत्री के निर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में 7 दिवसीय धार्मिक आयोजन के चौथे दिन मंगलवार को श्रद्धा और भक्तिमय से शुभारंभ हुआ । इस अवसर गद्दीनशीन साध्वी मानेश्वरी देवी द्वारा कीर्तन, सत्संग व आरती हुई । पंडित अशोक शर्मा ने प्रसाद वितरित किया। मुख्य अतिथि ने भक्तिभाव से कथा से पूर्व आई सर्जन डॉ. ओमवीर राठी ने ज्योत प्रचंड कर माथा टेका और आरती की । बुधवार को पानीपत से समाजसेवी वीरेंद्र कुमार जरूरतमंद बच्चों को पुस्तकें व स्टेशनरी वितरित करेंगे । यह जानकारी सचिव गुलशन भाटिया ने दी।



रोहतक। शिविर में मरीज की आंखों की जांच करते मुख्य नेत्र अधिकारी डॉ. ओमवीर राठी। *फोटो : हरिभूमि*

मंदिर प्रांगण में संगीतमय व रसमय चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिन मंगलवार को श्रीमद्भागवत कथा गणेश वंदना के साथ कथा याचिका साध्वी यमुना दीदी (वृन्दावन) ने अपनी मधुर वाणी से की । उन्होंने श्रीमद्भभागवत कथा में कृष्ण जन्म का विस्तारपूर्वक अनावरण किया । दीदी ने श्री कृष्ण जन्मोत्सव प्रसंग का व्याख्यान करते हुए कहा कि मनुष्य को कभी भी अहंकार नहीं करना चाहिए, अहंकार बुद्धि और ज्ञान का हरण कर लेता है। अहंकार ही मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। इस अवसर पर आज प्रभु श्रीकृष्ण का जन्म हुआ । उन्होंने श्रीकृष्ण की जन्म कथा का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। दीदी ने कहा कि जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। सात संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई, तो उसे अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था। भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ सकते हैं।



श्रीमद्भागवत कथा में प्रवचन देते साध्वी यमुना दीदी व साथ साध्वी मानेश्वरी देवी।



श्रीमद्भागवत कथा में प्रवचन सुनते भक्तजन।

### नि:शुल्क आई कैंप में 200 मरीजों की जांची आंखें

इस अवसर पर सुबह आंखों की जांच का निशुल्क जांच शिविर लगा गया। जिसमें मुख्य नेत्र अधिकारी डॉ. ओमवीर राठी (लार्ड शिवा, हॉस्पिटल, बहादुरगढ़) व उनकी संयुक्त टीम ने 200 से अधिक मरीजों की निशुल्क आंखों की जांची और उन्हें दवाइयां वितरित की गई । डॉ. राठी ने कहा कि जिन रोगियों की आंखों में मोतियाबिंद की शिकायत मिली उन्हें ऑपरेशन की तारीख दी गई है और उनका सारा खर्चा हमारे हॉस्पिटल द्वारा निशुल्क किया जाएगा । उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिविरों का आयोजन जरूरी है। आंखें वो अनमोल रतन हैं जिनके बिना सुंदर सृष्टि को नहीं देखा जा सकता।

## अधूरी भूमिगत पेयजल लाइन बनी बाधा, सड़कों पर बह रहा पानी

# जेएलएन में पहुंचा पानी, जलघर में लिफ्टिंग हुआ तो सोनीपत रोड पर हुआ जलभराव

सवा करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट मंजूर होने के बाद भी पानी की समस्या जस की तस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

जेएलएन नहर में तीन हफ्ते बाद सुबह के समय पानी पहुंच गया है। जैसे ही पानी नहर से जलघर में लिफ्ट किया तो ओवरफ्लो के चलते सोनीपत रोड पर जलभराव हो गया। बोहर नहर से सोनीपत स्टैंड स्थित जलघर एक तक नहरी पानी की हर बूंद को लाने की योजना चार साल बाद भी सिरे नहीं चढ़ी है। सवा करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट मंजूर होने के बाद सड़क पर पानी बह रहा है। इस प्रोजेक्ट में लगने वाले हजारों की कीमत के कंकरीट के पाइप तक क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। बोहर से शीला बाईपास तक नहरी पानी लाने के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को तकरीबन ढाई किलोमीटर की भूमिगत पेयजल लाइन बिछानी थी। इसके लिए सवा करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट भी पास हुआ और काम भी शुरू हुआ। प्रोजेक्ट के लिए कंकरीट की पाइपलाइन भी आ गई और विभाग ने नियमानुसार 60 फीसदी पेमेंट भी कर दी। इस प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए एक साल नौ माह का समय था, लेकिन यह चार साल बाद भी अधूरा है। इस कार्य को ठेकेदार भी अधूरा छोड़ गए। विभाग की माने तो इस प्रोजेक्ट की आधी से अधिक राशि भी खर्च हो चुकी है। हालांकि अधिकारी इस प्रोजेक्ट को अधूरा छोड़ने के लिए ठेकेदार को जिम्मेदार मानते हैं। विभाग के एक पूर्व अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि उनके समय में ढाई किलोमीटर के प्रोजेक्ट में से पौना किलोमीटर का कार्य रह गया था। वह प्रोजेक्ट का 70 प्रतिशत कार्य पूरा करके सेवानिवृत्त हुए थे। इसके बाद कार्य पूरा क्यों नहीं हुआ यह वर्तमान के अधिकारी बता सकते हैं।



### उपभोक्ता बूंद-बूंद को तरसे, सड़क पर बहता है पानी

जल घर एक के उपभोक्ता राशनिंग के समय बूंद-बूंद पानी को तरसते हैं और यहां सड़क पर पानी बहता रहता है। सड़क पर पानी बहने से कई बार सड़क भी टूटती रहती है और स्थानीय लोग भी इसका विरोध करते हैं। इसके बावजूद रजबाहे और टूटी लाइन से पानी का बहना लगातार जारी है।



### जल्द समाधान नहीं तो पानी होगा व्यर्थ

जनस्वास्थ्य विभाग ने इस मामले को गहराई से नहीं लिया तो यह पानी ऐसे ही ओवरफ्लों होकर सड़कों पर बहता रहेगा। ऐसे में सोनीपत रोड पर होने वाले आवागमन में बाधा आएगी। यहां से रोजाना हजारों वाहनों का आवागमन होता है। हजारों बच्चें विश्वविद्यालय व कॉलेजों में आने के लिए इसी मार्ग से गुजरते है। सबसे ज्यादा समस्या सेक्टरों में रहने वाले लोगों को हो रही है। जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो लोगों को मिलने वाला पानी ऐसे ही सड़कों पर बहता रहेगा और लोग परेशान होंगे।

# मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के पात्र 30 तक करें आवेदन

- प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत मकान निर्माण के लिए अढ़ाई लाख रुपए के अनुदान का भी है प्रावधान
- शहरी क्षेत्र में 30 वर्ग गज प्लॉट मात्र एक लाख रुपए में दिया जाएगा



उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा एक लाख 80 हजार रुपए वार्षिक आय के अंत्योदय परिवारों के शहरी क्षेत्र में अपने घर का सपना साकार करने के लिए एक मरला अर्थात 30 वर्ग गज प्लॉट मात्र एक लाख रुपए में देने के लिए मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना क्रियान्वित की जा रही है। इसमें घुमंतु जाति के परिवारों को प्राथमिकता दी जाती है। पात्र व्यक्ति आगामी 30 अप्रैल तक मात्र 10 हजार रुपए की न्यूनतम राशि जमा करवाकर इस योजना के तहत आवेदन कर सकते है। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत मकान निर्माण के लिए 2 लाख 50 हजार रुपए की सब्सीडी का प्रावधान भी किया गया है। योजना के तहत एक लाख 80 हजार रुपए वार्षिक आय वाले परिवार इसके लिए पात्र है। डीसी ने कहा कि वेबसाइट के माध्यम से अलॉटमेंट की ऑनलाइन पारदर्शी प्रक्रिया अपनाई जा रही है। ऑनलाइन आवेदन करने से लेकर सभी साइट के नक्शे वेबसाइट पर उपलब्ध होने तथा सरल बुकिंग भुगतान विकल्प उपलब्ध करवाएं गए है।उन्होंने बताया कि प्रदेश के रोहतक सहित 16 शहरों में 15696 प्लॉटों का प्रावधान किया गया है। इन शहरों में रोहतक, चरखी दादरी, सिरसा, फतेहाबाद, सफीदों, महेंद्रगढ़, पलवल, बहादुरगढ़, हिसार, झज्जर, जगाधरी, अंबाला, रेवाड़ी, करनाल, जुलाना व जींद शामिल है। इसके लिए अप्लीकेंट पोर्टल www.hfa.haryana.gov.in पर जाएं।

### आतंकवाद के खिलाफ सख्त कदम उठाए सरकार

**रोहतक।** देश में हाल ही में हुए कायराना आतंकी हमले की घटना को लेकर जनमानस में गहरा आक्रोश है। इसी क्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अड़ीचंद निम्बड़िया ने इस हरकत की घोर निंदा की। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश के समस्त नागरिक इस दुखदाई घटना पर एकजुट होकर आक्रोश व्यक्त कर रहे हैं तथा बदला लेने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। निम्बड़िया ने स्पष्ट कहा कि आतंकी घटनाओं के खिलाफ सभी देशवासी एक स्वर में खड़े हैं।

# कोलकाता में सिद्धगुरुवर सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुरुदेव का आध्यात्मिक प्रवचन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

श्री सिद्धेश्वर तीर्थ ब्रह्मर्षि आश्रम तिरुपति के तत्वावधान में कोलकाता में आयोजित उत्कृष्टता को पाने का सुनीति पथ सद्गुणों से सफलता पर आध्यात्मिक कार्यक्रम में श्री सिद्धेश्वर सिद्धगुरुवर ब्रह्मर्षि गुरुदेव ने श्रद्धालुओं को जीवन के परम सत्य, सद्गुणों की महत्ता और सकारात्मक सोच की शक्ति से अवगत कराया। गुरुदेव की दिव्य वाणी ने श्रद्धालुओं को न केवल आत्मचिंतन के लिए प्रेरित किया, बल्कि जीवन को उत्कृष्टता की दिशा में अग्रसर करने की स्पष्ट दिशा भी प्रदान की। कार्यक्रम का आयोजन सरला बोथरा (ग्लोबल महिला चेयरपर्सन, श्री सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि आश्रम तिरुपति) के मार्गदर्शन और देखरेख में संपन्न हुआ, जबकि संजय व सिद्धार्थ मालू और उनकी टीम ने कुशलता से संयोजित किया। इस अवसर पर आगामी 12 जुलाई गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर तालकटोरा इनडोर स्टेडियम तालकटोरा दिल्ली में ब्रह्मर्षि गुरुदेव का भव्य आध्यात्मिक कार्यक्रम की भी जानकारी दी। इस आयोजन को लेकर भक्तों के बीच उत्साह और उल्लास का माहौल है। कार्यक्रम में श्री सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि आश्रम तिरुपति के पश्चिम बंगाल के चेयरपर्सन जय भगवान, अध्यक्ष निर्मल कनोडिया, संयोजक अजीत सुराणा और कोलकाता अध्यक्ष रविंद्र चांद व उनकी टीम सहित ब्रह्मर्षि परिवार के सदस्य मौजूद रहे। ब्रह्मर्षि गुरुदेव, जिनकी एक दृष्टि जीवन की दिशा और दशा दोनों को रूपांतरित करने की क्षमता रखती है।



### दूसरे पातशाह गुरु अंगद देव महाराज का पावन प्रकाश धूमधाम से मनाया

**रोहतक।** गुरुद्वारा बंगला साहिब में मंगलवार को दूसरे पातशाह गुरु अंगद देव महाराज का पावन प्रकाश गुरपुरब धूमधाम से मनाया गया। जिसमें रात को रहरास साहिब के पाठ के उपरांत विशेष तौर पर भाई जसप्रीत सिंह सोनू वीर दिल्ली वालों ने गुरबाणी कीर्तन करके संगतो को निहाल किया। उन्होंने बताया कि गुरु नानक देव साहब ने अपने पुत्रों को गद्दी न देकर अपने सेवक भाई लेना जी को गद्दी दी और गुरु अंगद देव के रूप में उनको अपनी गद्दी के ऊपर शुभाएमान किया। भाई लहना ने गुरु का हुक्म मानकर गुरु घर की सेवा की गुरु नानक साहिब का हुक्म माना और दूसरे गुरु नानक पातशाह के रूप में खांडुर की स्थापना की। इस कार्यक्रम की सेवा सरदार अवतार सिंह खुराना परिवार की ओर से की गई। यहां सरदार अवतार सिंह कोचर, परमजीत सिंह सैक्ट्री आदि रहे।





# इंटर हाउस ड्रिल प्रतियोगिता में कल्पना चावला हाउस रहा प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

श्री बाबा मस्तनाथ सैनिक स्कूल में मंगलवार को को आयोजित इंटर हाउस ड्रिल प्रतियोगिता में विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने अनुशासन, समर्पण एवं संगठित टीमवर्क का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक अनुशासन को निखारने तथा उनमें नेतृत्व गुणों के विकास हेतु आयोजित किया गया था। इस अवसर पर हरियाणा नंबर 1 बटालियन, जाट रेजिमेंट एनसीसी से अधिकारीगण धर्मपाल सिंह, नायब सूबेदार विकास मलिक एवं हेमराज विद्यालय में विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कैडेट्स का मनोबल बढ़ाते हुए गार्ड ऑफ ऑनर स्वीकार किया और कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया। प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों हाउसेज विक्रम साराभाई हाउस, कल्पना चावला हाउस, एपीजे अब्दुल कलाम हाउस तथा सीवी रमन हाउस ने भाग लिया। हाउसेज़ के कैडेट्स ने सुसंगठित मार्चपास्ट, अनुशासित चाल-ढाल और प्रभावशाली ड्रिल तकनीकों का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता की सफलता में हमारे ड्रिल इंस्ट्रक्टर अजय की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही, जिनके अथक परिश्रम और प्रेरणादायक प्रशिक्षण से कैडेट्स को उत्कृष्टता प्राप्त हुई। परिणामस्वरूप, कल्पना चावला हाउस, कैडेट दिव्या पांडे के सक्षम नेतृत्व में प्रथम स्थान पर रहा। विक्रम साराभाई हाउस, कैडेट विशाल के नेतृत्व में द्वितीय स्थान प्राप्त करने में सफल रहा, जबकि सी.वी. रमन हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यालय के निदेशक कृष्ण मलिक ने सभी प्रतिभागी कैडेट्स, उपस्थित एनसीसी अधिकारियों एवं प्रशिक्षकों को धन्यवाद ज्ञापित किया और उनके प्रयासों की सराहना करते हुए कैडेट्स के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।



# ब्रिटानिका एजुकेशन की कार्यप्रणाली को समझाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

ब्रिटानिका एनसाइक्लोपीडिया एजुकेशन द्वारा पठानिया पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की मुख्य प्रवक्ता पूजा सरकार व रितेश थे। उन्होंने बताया कि ब्रिटानिका एजुकेशन 250 वर्ष पुरानी कंपनी है और 100 से अधिक देशों व 5000 से अधिक स्कूलों के साथ सांझेदारी में कार्य कर रही है। यह एक ग्लोबल संस्था है, जो विभिन्न विषयों की विस्तृत जानकारी प्रदान करता है। अभी हाल ही में पठानिया पब्लिक स्कूल ने भी ब्रिटानिका एजुकेशन के साथ सांझेदारी कर विद्यालय में इसका संचालन सुचारू रूप से शुरू किया है। कार्यशाला को दो सत्रों में विभाजित किया गया। एक सैद्धान्तिक पक्ष जहाँ कार्यशाला संबंधी जानकारी प्रदान की गई। दूसरा व्यवहारिक पक्ष जहां शिक्षकों को कंप्यूटर लैब में प्रशिक्षण दिया गया और ब्रिटानिका एजुकेशन की कार्यप्रणाली को समझाया गया। साथ ही विद्यालय काउंसलर भूमिका शर्मा द्वारा आगामी दो माह होने वाली गतिविधियों की जानकारी सांझा की गई। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों में रचनात्मकता के उन्नयन, सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य और प्रसन्नता का वातावरण विकसित करने के लिए विद्यालय प्रतिबद्धता रखता है। इस अवसर पर प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया ने बताया कि ने बताया कि हमें अधिक से अधिक समय अपने बच्चों के साथ बिताना चाहिए ताकि वे खुशी के पल संजो सके और उनके जीवन कौशलों का विकास संभव हो सके। यहां स्कूल निदेशक अंशुल पठानिया, स्कूल को-फाउण्डर वर्षा पठानिया आदि रहे।



TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

PRIME SCHOOL UNIFORMS
Mfrs & Traders: All Types of School Uniforms, T-Shirts, Lower & Track Suits etc.
Deals in All Kind of School Bag, School Shoes & Stationary Items
Shoes 20% off
VIPIN KUMAR M. 9812587499
All School Dress also available
All Vaish School, Vedanta School, Shiksha Bharti, Scholar Rosary, St. Pall School, ZAD Global School, Model School, Shivalik School, DAV School, MRGS School, Baba Mast Nath School, GD Royal School
802/12, Arya Nagar, Opp. Vedic Ashram, Near HUDA Complex, Rohtak | Ph.: 01262-258299

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
BAMS 6
PRO 5
NURSING STAFF 4
ICU STAFF 10
MALE NURSING STAFF 5
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

शिव देव सर्विसेज
आवश्यकता है
मैन पावर कंपनी में
- एचआर हेड (महिला)
- फील्ड ऑफिसर
- टेलीकॉलर (महिला)
सिक्योरिटी गार्ड और हाउसकीपिंग स्टाफ के लिए सम्पर्क करें।
202, टाउन सेंटर मॉल, डी-पार्क, रोहतक
अपना रिज्यूम व्हाट्सएप करें M. 9991789000

## अधूरा पड़ा सरकारी क्वार्टरों के जीर्णोद्धार का काम

# महम की तहसील कॉलोनी बनी कूड़े का ढेर नहीं आते सफाईकर्मी, गंदगी से परिसर बदहाल

## कॉलोनी में न्यायाधीश, तहसीलदार और डीएसपी के भी आवास

राज कुमार नरवाल ▶▶ महम

महम की तहसील कॉलोनी पिछले कई महीने से कूड़े का ढेर बनी हुई है। यहां पर जगह जगह मलबे के ढेर लगे हुए हैं। जमीन में उगे अवांछनीय पौधों, धरती में पड़े पत्तों और खरपतवार को भी नहीं हटाया गया है। यहां खड़े पेड़ों की कटाई छंटाई नहीं की गई है। जिस वजह से इस सरकारी कॉलोनी का परिसर बहुत ही बदहाल है। तहसील कॉलोनी परिसर देखरेख के अभाव में जंगल दिखाई दे रहा है। सफाई न होने से यहां सरकारी क्वार्टरों में रह रहे लोग परेशान हैं। कई बार आला अधिकारियों को मौखिक शिकायत कर चुके हैं, लेकिन यहां पर पड़ा कूड़ा कर्कट और क्वार्टरों की रिपेयर के दौरान भारी मात्रा में निकाल मलबा नहीं हटाया जा रहा। यहां रहने वाले कर्मचारी अपने उच्च अधिकारियों को लिखित शिकायत देने से कतरा रहे हैं। क्योंकि अधिकारी इस काम में रूचि नहीं दिखा रहे। जिस वजह से पिछले कई महीने से किसी ने लिखित अधिकारियों को नहीं दी है।





महम। तहसील कॉलोनी महम में जगह जगह लगे मलबे के ढेर और ठेकेदार द्वारा अधूरा छोड़ा गया क्वार्टरों में रंग रोगन का काम व तहसीलदार व नायब तहसीलदार की कोठियों में फैला कूड़ा।

### क्वाटरों की रंग-रोगन का काम भी अधूरा

किसी कर्मचारी ने हालात बताए तो हरिभूमि प्रतिनिधि ने तहसील परिसर का दौरा किया। तहसील परिसर में प्रवेश करते ही तहसीलदार और नायब तहसीलदार के आवास के हालात देखे। दोनों ही कोठियों में बुरी तरह कूड़ा कचरा फैला हुआ है। दरवाजे खिड़कियां खुले पड़े हैं। फिलहाल ये दोनों आवास लावारिस हालात में पड़े हैं, इनमें कोई नहीं रहता। न्यायधीश और डीएसपी के आवास में चहल पहल दिखाई दी। इन आवासों का रख रखाव किया जा रहा है। कर्मचारियों के क्वार्टरों की रिपेयर व रंग रोगन आदि का काम अधूरा पड़ा है। एक साल पहले यहां पर पीडब्ल्यूडी विभाग ने इस कॉलोनी के आवासों की रिपेयर व पेंट आदि टेंडर एक ठेकेदार को दिया था। ठेकेदार बीच में काम छोड़कर चला गया है। बहुत से क्वार्टरों में खिड़की दरवाजे बंद करने की ही व्यवस्था नहीं है। चार क्वार्टरों का काम तो बिल्कुल ही बीच में छोड़ दिया गया है।

### गलियों की सफाई के लिए कोई नहीं आता

*तहसील कॉलोनी महम के हालात यह हैं यहां पर कभी भी कोई सफाई कर्मचारी नियमित रूप से साफ सफाई करने नहीं आता। महीनों या सालों बाद जब ज्यादा हालात खराब होते हैं, तब ही अधिकारी सफाई के आदेश देते हैं, लेकिन यहां बसने वाले कर्मचारियों के आस पास साफ सफाई के लिए किसी सफाई कर्मचारी की नियुक्ति नहीं की हुई।*

### सरकारी कर्मचारियों के 28 क्वार्टर

*तहसील कॉलोनी में सरकारी कर्मचारियों के 28 क्वार्टर हैं। जिनमें पांच कोठियां सरकारी अफसरों की हैं। इन कोठियों में एक एक कोठी तहसीलदार व नायब तहसीलदार की है। दो कोठियां जजों की हैं और एक कोठी डीएसपी की है। ए टाइप की कोठी जो पहले महम के एसडीएम के लिए होती थी, वह अब स्थानीय जज को अलॉट कर दी गई थी।*

### कूड़ा कलेक्शन के लिए भेजते हैं गाड़ी

*नगर पालिका महम के सचिव नवीन नांदल ने बताया कि डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए नगर पालिका का वाहन रोजाना तहसील कॉलोनी में जाता है। क्वार्टरों व कोठियों से कूड़ा निकाला जाता है। गलियों व परिसर की सफाई की जिम्मेवारी संबंधित विभाग की है। हालांकि जब जरूरत पड़ती है तो अधिकारियों के पास सफाई कर्मचारी भेज दिए जाते हैं।*



## जिला बार एसोसिएशन में धूमधाम से मनाई भगवान परशुराम जयंती

रोहतक। जिला बार एसोसिएशन रोहतक की लाइब्रेरी में भगवान विष्णु के अवतार भगवान परशुराम की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरजा कुलवंत कलसन ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजनी यादव, आर्या शर्मा, शैलेन्द्र सिंह, डॉ. भूपेंद्र कुमार एवं कपिल राठी ने बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की। जिला बार एसोसिएशन के प्रधान दीपक हुड्डा एवं महासचिव राजकरण पंघाल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। सभी अतिथियों एवं अधिवक्ताओं ने भगवान परशुराम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर भगवान परशुराम को नमन किया। इस मौके पर उप प्रधान अजय ओहल्यान, सह सचिव एडवोकेट डिंपल अरोड़ा, लाइब्रेरी इंचार्ज अनिल कुमार, वरिष्ठ अधिवक्ता प्रदीप मलिक, सुरेंद्र लौरा, अनिल शर्मा, रवि, रेनू शास्त्री, श्रीभगवान वशिष्ट, संदीप हुड्डा, इतबार सिंह बेनीवाल, अनिल जैन, सुरेंद्र वर्मा, रणबीर कौशिक, जगदीश राठी, विपिन डागर, कैलाश शर्मा, रमेश अरोड़ा मौजूद रहे।



## रोहतक ने जीती सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हिसार में सम्पन्न हुई 20वीं हरियाणा स्टेट जूनियर सॉफ्टबॉल के बालक वर्ग में रोहतक की टीम ने पहला स्थान अर्जित कर जिले का नाम रोशन किया है। कोच सतबीर सिंह ने बताया कि बालक वर्ग में हिसार दूसरे और कुरुक्षेत्र तीसरे स्थान पर रहा। इसी तरह स्पर्धा के बालिका वर्ग में कैथल की टीम पहले, रोहतक की दूसरे और फरीदाबाद की टीम तीसरे स्थान पर रही। उन्होंने बताया कि रोहतक पहुंचने पर विजेता टीम का जोरदार स्वागत किया गया।

## नायब तहसीलदार पोस्ट पर ज्वाइनिंग की मांग

### पटवारियों का बकाया वेतन भी हो जारी : जयवीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन के राज्य प्रधान जयवीर सिंह ने सरकार से मांग की है कि महकमे द्वारा नायब तहसीलदार की पोस्ट पर पदोन्नति किए गए कर्मचारियों को तुरंत ड्यूटी ज्वाइन करवानी चाहिए। उन्होंने कहा कि नायब तहसीलदारों के कमी के चलते राजस्व विभाग के कार्यों पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। एसोएशिन काफी लंबे समय से ड्यूटी ज्वाइन करवाने की मांग कर रही है। लेकिन सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि एक महीने पहले ही कानूनगों को तहसीलदार प्रमोट किया गया है। लेकिन अब परिणाम घोषित करने के बाद भी नायब तहसीलदार की पोस्ट पर ज्वाइन नहीं करवाया जा रहा है। सिंह ने बताया कि रिजल्ट परीक्षा के छह महीने बाद वैसे ही घोषित किया गया था। प्रधान ने कहा चार पहले सरकार ने पटवारियों को नौकरी तो ज्वाइन करवा ली। लेकिन इन्हें आज तक वेतन नहीं दिया गया। ये सरकार की बड़ी लापरवाही का नूमना है। सिंह ने कहा कि कोई भी कर्मचारी क्या चार महीने तक बिना सेलरी के ड्यूटी कर सकता है।

## शोरी मार्केट में 20 नए अग्निशमन सिलेंडर सीसीटीवी लगवाने का प्रस्ताव किया पास

- गुलशन ईशपुनियानी की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



रोहतक। दुकानदारों की मीटिंग लेते हुए प्रधान गुलशन ईशपुनियानी।

शोरी क्लॉथ मार्किट में मंगलवार को प्रधान गुलशन ईशपुनियानी की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। जिसमें वर्किंग बॉडी सदस्यों ने मार्केट में सुरक्षा की दृष्टि से लगे सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने व आग से सुरक्षा के लिए 20 नए अग्नि शमन सिलेंडर लगवाने का प्रस्ताव बैठक में रखा। जिसे सभी सदस्यों की सहमति से पास कर दिया गया है। इसमें 20 नए सिलेंडर अगले सप्ताह लगा दिए जाएंगे। प्रधान गुलशन ईशपुनियानी ने कहा कि किला रोड, रेलवे रोड, भिवानी स्टैंड, चमेली मार्केट समेत मुख्य बाजारों में बीते दिनों में भीषण आगजनी की घटनाएं हो चुकी है। बीते दिनों प्रताप चौक में एक मकान में आग लगने से घर का सारा सामान जल कर रख हो गया था। वाटर फरूल (होजरिल) लगाने का प्रयास भी करेंगे। आगजनी की घटनाओं को देखते हुए रोहतक में भी एक फायर ब्रिगेड की छोटी गाड़ी भिवानी स्टैंड पर तथा दूसरी गाड़ी मॉडल टाउन डी पार्क के नजदीक अवश्य खड़ी करनी चाहिए। शोरी क्लॉथ मार्किट में गलत मंशा रखने वाला व्यक्ति प्रवेश करते ही सीसीटीवी कैमरे में कैद हो जाता है।

### ये रहे मौजूद

बैठक में विनीत जैन, ईश्वर आहुजा, ओमप्रकाश गर्ग, सुरेश सिंगल, ईश्वर गुप्ता, संजय परूथी, यशपाल अरोड़ा, कमल परूथी, मोरारी लालज, मुकन्द लाल, विरेन्द्र कुमार, हरीश ईशपुनियानी, असीम सिंधवानी, गौरव जैन उपस्थित रहे।



## सामान्य अस्पताल के गेट पर किया पौधरोपण

रोहतक। सामान्य अस्पताल के मैन गेट पर लम्बे समय से चल रहे कूड़े के डंपिंग प्वाइंट को बंद कर पोधरोपण किया गया। इस मौके पर पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर और सिविल सर्जन डॉ रमेश चंद्र ने पोधरोपण किया। वार्ड 7 के पार्षद कपिल नागपाल ने बताया कि वह कई दिन से प्रयास कर रहे थे कि सामान्य अस्पताल के गेट पर कूड़ा डलना बंद हो जाए। इसलिए यहां अलग अलग किस्म के पोधे लगाकर पोधरोपण किया गया। इस दौरान महिला आयोग की पूर्व चेयरमैन प्रतिभा सुमन, भाजपा नेता विजय आर्य, पार्षद सुरेश किराड़ सहित अन्य नेता और डॉक्टर मौजूद रहे।

## इनेलो कार्यकर्ताओं ने मकानों पर लगाए झंडे

सांपला। इनेलो कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को अपने मकानों पर पार्टी का झंडा लगा कर स्थापना दिवस मनाया। पार्टी की महिला प्रदेश सचिव सुशील राणा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने चौधरी देवीलाल व ओमप्रकाश चौटाला की प्रतिमा पर फूल माला अर्पित की और उन्हें याद किया गया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने हमेशा महिला, किसान मजदूर, गरीब, व्यापारी सभी वर्गों के लिए कार्य किया। अब भी पार्टी अभय सिंह चौटाला के नेतृत्व में हर वर्ग के हकों के लिए सरकार से लड़ाई लड़ रही है। प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट कृष्ण कौशिक ने कहा कि पूरे प्रदेश में पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यकर्ताओं ने अपने मकान पर झंडा लगाया। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल और पूर्व मुख्यमंत्री चौटाला के पद चिन्हों पर चलने की शपथ ली।

## एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था ने बाल विवाह पर रोक के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



अक्षय तृतीया पर्व पर एमडीडी ऑफ इण्डिया संस्था द्वारा धार्मिक स्थलों में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया। टीम ने धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं को बाल विवाह के बारे में जागरूक करते हुए बाल विवाह निषेध कानून की जानकारी दी। धार्मिक स्थलों पर बाल विवाह निषेध कानून के बारे में फलैक्स लगाए गए। साथ ही वहां उपस्थित लोगों पर्चे बांटें गए व बाल विवाह के खिलाफ शपथ भी दिलवाई गई। एमडीडी ऑफ इण्डिया संस्था की टीम में वीएससी मिथलेश, वीएसी विकास और टीम सदस्य सीएसडब्ल्यू मंजीत ने शहर की लाल मस्जिद, शिव मंदिर, माता मंदिर सहित कई धार्मिक स्थलों पर बाल विवाह निषेध कानून की जानकारी देते फलैक्स लगाए। इससे पहले मां सरस्वती स्कूल धामड़ के बच्चों को भी बाल विवाह निषेध कानून की जानकारी दी गई।

## इनेलो ने मनाया स्थापना दिवस

### पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुंचाने का लिया संकल्प



रोहतक। पार्टी का झंडा लगा कर स्थापना दिवस मनाते कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

इंडियन नेशनल लोकदल कार्यकर्ताओं ने पार्टी का स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम के साथ मनाया और स्व. ताऊ देवीलाल व स्व. ओमप्रकाश चौटाला की जनकल्याणकारी नीतियों को जनजन तक पहुंचाने का संकल्प भी लिया। मंगलवार को इनेलो पार्टी के 27वें स्थापना दिवस के अवसर पर काफी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकत्रा रूपया चौक स्थित पार्टी कार्यालय में एकत्रित हुए और पार्टी का ध्वज लहराया। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एडवोकेट कृष्ण कौशिक ने कहा कि आज सही मायने में प्रदेश में विपक्ष की भूमिका इनेलो पार्टी ही निभा रही है। इस अवसर पर पूर्व विधायक बलवंत मायना, जिला प्रधान नफे सिंह लाहली, पूर्व हल्का कलानौर प्रधान जय सिंह शिमली, मास्टर मुख्तयार सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एडवोकेट विनोद अहलावत, रामभगत लाकडा, नरेश शिमली, सुरेन्द्र भोला, सतीश नांदल रिठाल, स्वतंत्र आनंद देशवाल, दलबीर राणा, शीला खरैटी, सुशीला राणा, कुंती देवी, सुनीता नांदल, समरजीत नरवाल, विरेन्द्र नांदल, राजबीर वाल्मीकि, सूरजदेहराज मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## चिराग की शतकीय पारी से गोयल क्रिकेट क्लब छह विकेट से जीता

रोहतक। बख्तावर क्रिकेट ग्राउंड पर मंगलवार को खेले गए 40 ओवर के अभ्यास मैच में गोयल क्रिकेट क्लब ने श्री जयनारायण क्रिकेट क्लब को छह विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। मैच में गोयल क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। गेंदबाजों ने कप्तान के इस फैसले को सही साबित करते हुए जय नारायण क्लब की टीम को 40 ओवरों में 184 रन पर ही सीमित कर दिया। गोयल क्लब की ओर से परी शर्मा ने घातक गेंदबाजी करते हुए चार विकेट चटकाए, जबकि अभिनव गुप्ता ने दो विकेट अपने नाम किए। जय नारायण क्लब के लिए भौतिक ने सर्वाधिक 56 रन की शानदार पारी खेली। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी गोयल क्लब की टीम ने आक्रामक अंदाज में खेलते हुए मात्र 20 ओवरों में ही 185 रन बना लिए और मुकाबला छह विकेट से अपने नाम कर लिया। टीम की जीत के नायक रहे चिराग नायक, जिन्होंने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए शतक (100 रन) जड़ा।

**प्रदर्शन** लापता होने की स्थिति में अर्बन एस्टेट पुलिस थाने में दी शिकायत

# घरेलू कामगार सरोज 15 दिन से लापता, मजदूरों में रोष, पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



शहर के विनय नगर निवासी घरेलू कामगार सरोज पिछले 15 दिन से लापता। इस मामले में पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। जिसके कारण मजदूरों में रोष है। शहर के विनय नगर निवासी सरोज 14 अप्रैल शाम को घर से काम के लिए निकली। उसके बाद उसका पति धर्मेंद्र अपनी लापता पत्नी को पूरी रात ढूंढता रहा। लापता होने की स्थिति में उसने अर्बन एस्टेट पुलिस थाने में शिकायत दी। एफआईआर दर्ज होने के 2 सप्ताह बाद भी ना तो पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच की और ना ही अन्य जांच कर कोई ठोस कार्रवाई की है। इससे नाराज पीड़ित धर्मेंद्र ने मजदूर संगठन सीटू से मदद मांगी और देर शाम देवीलाल पार्क में इकट्ठा होकर सैकड़ो मजदूर महिला पुरुषों ने रोष सभा का आयोजन किया।

### ये रहे मौजूद

मीटिंग में कहा गया कि लापता सरोज को ढूंढने के लिए पुलिस सक्रियता से काम नहीं कर रही है। ऐसी स्थिति में उसके साथ कोई अनहोनी ना हो जाए। इस मौके पर सीटू जिला सचिव कामरेड विनोद, भवन निर्माण कामगार यूनियन के जिला कोषाध्यक्ष धर्मदास, इकाई प्रधान गयाप्रसाद, सेक्टर-1 इकाई के सचिव प्रताप के अलावा मुन्ना, महेंद्र, संदीप, भोलू, संतराम, मदन, सावित्री, सुंदरी, बृजेंद्र, रामरति, जयपाल, नंदराम, ज्ञान देवी, फूलवती, सुनील, जयप्रकाश, रामकुमार भी मौजूद रहे।